# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

29 सितंबर 2024, रविवार

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा हरियाणा के बादशाहपुर, नांगल चौधरी एवं इंद्री विधानसभा में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**मोदी जी के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में कमल खिल रहा है और भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने वाली है।**

************

**मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस के नेता आपस में झगड़ रहे हैं। हरियाणा में न कांग्रेस की सरकार आएगी, न मुख्यमंत्री बनेगा, हरियाणा में इस बार भी भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा।**

************

**'शक्ति' का अपमान करने वाले राहुल गाँधी और कांग्रेस को हरियाणा की जनता जवाब देगी।**

************

**हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में राहुल गाँधी ने जितने वादे किए, उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ।**

************

**चुनाव आने पर वादों की बारात लगाने वाले राहुल बाबा की सभी गारंटियां फुस्स हो गयी हैं।**

************

**कांग्रेस को हरियाणा के युवाओं का विकास की नहीं, बल्कि दिल्ली के दामाद का कल्याण करना है।**

************

**हरियाणा में एक ओर कांग्रेस के परिवार व दामाद के कल्याण के दस साल हैं, तो दूसरी ओर भाजपा के सुशासन के 10 साल हैं।**

************

**अग्निवीरों पर झूठ बोलने वाले राहुल गाँधी सुन लें, हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को हरियाणा की भाजपा सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी।**

************

**डीलरों और दामाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस ने दिल्ली के दामाद को धनवान बनाने के लिए किसानों की सैंकड़ों एकड़ जमीन भेंट कर दी।**

************

**कांग्रेस तुष्टीकरण में अंधी हो चुकी है, इनके मंचों पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं और इनके नेता चुप रहते हैं।**

************

**कांग्रेस के जमाने में नौकरियों के लिए घूस देनी पड़ती थी, भाजपा की सरकार में डाकिया घर आकर नियुक्ति पत्र देता है**

************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को हरियाणा के बादशाहपुर, नांगल चौधरी एवं इंद्री में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और हरियाणा के विकास के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक बार पुनः डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। इन कार्यक्रमों में स्थानीय प्रत्याशी सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस की सरकार दलाल, डीलर और दामादों वाली 3D सरकार थी।** कांग्रेस की सरकार में हरियाणा के कोने-कोने की जमीन अपने दामादों की दी। **एक ओर, कांग्रेस के दस साल यानी परिवार और दामाद कल्याण के दस साल। दूसरी ओर, भाजपा के दस साल यानी बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं के विकास के दस साल। एक ओर कांग्रेस के दस साल यानी लूट के दस साल। दूसरी ओर भाजपा के दस साल यानी सुशासन के दस साल। एक ओर कांग्रेस के दस साल यानी दलितों एवं पिछड़ों के अपमान के दस साल। दूसरी ओर भाजपा के दस साल यानी हरियाणा के 36 बिरादरी के कल्याण के दस साल।** हरियाणा की जनता ने दोनों में से भाजपा को चुन लिया है।

श्री शाह ने कहा कि **एक कहावत है एक अनार और सौ बीमार। हरियाणा में कांग्रेस की स्थिति भी ऐसी ही है। हुड्डा साहेब कहते हैं कि वे मुख्यमंत्री बनेंगे। उनके युवराज कहते हैं कि पिता जी आपकी उम्र हो गयी, मुझे बनने दो। कुमारी शैलजा भी तैयार बैठी हैं। बहन प्रियंका जी के कैंप से रणदीप सुरजेवाला भी तैयार हो गए हैं।** श्री शाह ने कांग्रेस नेताओं को सलाह दी कि **कांग्रेस पार्टी को हरियाणा में बहुमत नहीं मिलने वाला है, इसलिए उनका मुख्यमंत्री भी नहीं बनेगा। हरियाणा में मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी का ही बनेगा।** उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि **भैंस तो अभी गांव के बाहर है और यहां घी के लिए झगड़ा कर रहे हैं।**

श्री शाह ने कहा कि हर स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के भाई-बहनों ने बढ़चढ़कर योगदान दिया है। हरियाणा वीर भूमि है और भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा का रहने वाला है। नांगल चौधरी की जनसभा में उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुला राम जी का स्मरण किया, जिन्होंने सन 57 की क्रांति में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के माताओं को प्रणाम करता हूं जिन्होंने अपने नौनिहालों को मां भारती की रक्षा के लिए सेना में भेजा। हरियाणा की वीर भूमि से ही वर्ष 2014 मे आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में परिवर्तन लाने के लिए चुनाव प्रचार शुरू किया था। श्री मोदी जी ने वादा किया था कि वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरी करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2015 में वन रैंक वन पेंशन को लागू कर दिया। जबकि 40 वर्षों तक कांग्रेस की तीन पीढ़ियों ने वन रैंक वन पेंशन लागू नहीं किया। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह-सोनिया गांधी ने भारतीय सेना का सम्मान नहीं किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वन रैंक वन पेंशन का तीसरा संस्करण भी लागू कर दिया है। अब नयी तनख्वाह के साथ पेंशन मिलेगी।

राहुल गाँधी पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **राहुल बाबा कह रहे हैं कि अग्निवीरों से हरियाणा के युवा बेकार हो जाएंगे और सरकार अग्निवीर योजना इस वजह से लाई है कि उन्हें पेंशन नहीं देना पड़े। उन पर भरोसा नहीं करना, वे झूठ बोलने की फैक्टी हैं।** अग्निवीर हमारी सेना को युवा रखने का कार्यक्रम है। भाजपा का वादा है **एक-एक अग्निवीर को भारत सरकार और हरियाणा सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी।** जो जवान अग्निवीर बनकर आएगा, वह 30 लाख रुपये की एफडी साथ लेकर आएगा। उसे सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और हरियाणा सरकार में पक्की नौकरी मिलेगी। किसी को डरने की जरूरत नहीं है, पांच साल के बाद कोई अग्निवीर ऐसा नहीं होगा, जिसके पास पेंशन वाली नौकरी नहीं होगी।

श्री शाह ने कहा कि तीन अक्टूबर को माता रानी का त्यौहार नवरात्रि शुरू हो रहा है। सरकार बनाने के लिए 5 अक्टूबर को हरियाणा की जनता को मतदान करना है। **5 अक्टूबर को वोट डालते वक्त 'शक्ति' का अपमान करने वाले राहुल बाबा और उसकी कांग्रेस पार्टी को जवाब देना है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण में अंधे हो गए हैं।** हरियाणा की जनता बताए कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं? हरियाणा की जनता कहती है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनना चाहिए था जबकि राहुल गांधी गर्व से कहते हैं कि हमने आयोध्या के विचार को हरा दिया। **राहुल बाबा! सीटों पर हार-जीत होती रहती है, इसे राम लला के अपमान से नहीं जोड़ो। 550 सालों से राम लला टेंट में थे, इन लोग 70 सालों से कुछ नहीं किया।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या मे भूमि पूजन किया, श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया और राम लला के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दिया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा के आने से पहले यहां **कांग्रेस की सरकार एक जाति और एक जिले का विकास करती थी। वर्ष 2014 मे भाजपा की सरकार हरियाणा में बनी और पूरे हरियाणा का विकास किया। पहली बार हरियाणा में भाजपा ने 36 बिरादरी की चिंता करने वाली प्रदेश सरकार** दी। पहले एक सरकार आती थी और एक जिले का विकास होता था और गुंडागर्दी बढ़ जाती थी। उसके बाद दूसरी सरकार आती थी और दूसरे जिले का विकास होता था और भ्रष्टाचार बढ़ जाता था।

श्री शाह ने कहा कि हुड्डा साहेब, आज भी आपके लोग तैयार बैठे हैं। **एक वायरल वीडियो देखा, उसमें कांग्रेस का प्रत्याशी कह रहा है कि मुझे विधायक बना दो, हर समर्थक को 50-50 नौकरियां दूंगा। श्री शाह ने कांग्रेस से सवाल पूछे कि नौकरियां कैसे दोगे? क्या कोई नियम है या नहीं है? अपने समर्थक को 50 नौकरियां दोगे तो हरियाणा की जनता क्या करेगी? कांग्रेस का जब-जब शासन आता है तब खर्ची और पर्ची पर नौकरियां मिलती है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी और हरियाणा में युवाओं को नौकरी के लिए न खर्ची और न पर्ची की जरूरत पड़ी।** कांग्रेस के जमाने में नौकरी लेने के लिए घूस देने पड़ते थे। हरियाणा में भाजपा सरकार ने ऐसा शासन दिया कि डाकिया 51 रुपए का शगुन लेकर युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र दे जाता है। उन्होंने जनता से अपील की कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बना दो, पांच साल में 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे और युवाओं को खर्ची और पर्ची की जरूरत नहीं पड़ेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राहुल गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि **हरियाणा में हथिन से लेकर थानेसर तक और थानेसर से पलवल तक कांग्रेस के मंच पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं और राहुल गांधी क्यों चुप हैं? उन्हें नारे लगाने से क्यों नहीं रोकते हैं?**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने के लिए कहते हैं कि धारा-370 को फिर से लागू करेंगे। राहुल गांधी फिर से कश्मीर में गुलामी वाला झंडा लाना चाहते हैं। जब तक मोदी सरकार है, जम्मू-कश्मीर में एक ही झंडा तिरंगा फहरेगा और कोई झंडा नहीं फहरेगा। धारा 370 को कोई वापिस नहीं ला सकता।** जम्मू-कश्मीर की रक्षा के लिए हरियाणा के जवानों ने बहुत बड़ी कुर्बानियां दी है, उस कुर्बानी को बर्बाद होने नहीं देंगे। कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण देश में नक्सलवाद और आतंकवाद पनपा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को 200 गज नीचे जमीन में दफना दिया है। एक जमाना था जब पाकिस्तान से आए आतंकवादी बम धमाका करके चले जाते थे। कांग्रेस नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह चुप्पी साध लेते थे और सोनिया गांधी विदेश चली जाती थी। कोई जवाब नहीं देता था। 2014 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

की सरकार आई और पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा में आतंकी हमला कराया। हमारे जवानों ने दस दिनों में पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्टाइक और एयर स्टाइक करके आतंकवादियों का चिथड़े उड़ा दिए। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनिया को संदेश दिया कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को ऐसा ही जवाब मिलेगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **चुनाव आने पर कांग्रेस पार्टी ढेर सारे वादों की बारात लगा देती है - हम ये देंगे, हम वो देंगे। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के चुनाव में कांग्रेस ने ढेर सारे वादे किए किन्तु उन प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं कर रहे हैं। राहुल बाबा की सभी गारंटियां फुस्स हो गयी है।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने कहा कि उन वादों को पूरा करना संभव ही नहीं है। **जब वादों को पूरा करना संभव नहीं है तो कांग्रेस पार्टी ने जनता के सामने झूठे वादे क्यों किये? भारतीय जनता पार्टी ऐसा कोई वादा नहीं करती है, जो पूरा न हो सके।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी दलित और पिछड़ा वर्ग का विरोधी है।** कांग्रेस ने काका साहेब कालेकर का रिपोर्ट कभी प्रकाशित नहीं किया। पिछड़ों के आरक्षण के लिए बनी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी ने दबाया। जब हम लोग इसे लेकर आए तो राजीव गांधी ने इसका विरोध किया। आज मेडिकल, इंजीनियरिंग, स्कूल, कॉलेज, नौकरियों में ओबीसी आरक्षण लागू हो गया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कैबिनेट में 27 मंत्री ओबीसी समाज से हैं। दो ओबीसी मंत्री हरियाणा से हैं। अति पिछड़ा समाज से बने पहले प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर अंग्रेजी में बोलते हैं कि दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज का विकास हो चुका है अब आरक्षण की जरूरत नहीं है। **राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा पर आरोप लगाते थे कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी लेकिन राहुल गाँधी अमेरिका में अंग्रेजी में बोलते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण समाप्त कर देंगे।** राहुल बाबा के हाथी की तरह दिखाने और चबाने की दांत अलग-अलग है। **वे क्या समझते हैं कि अमेरिका में अंग्रेजी में बोलेंगे तो वे बातें हरियाणा में नहीं पहुंचेगी? जब तक भारतीय जनता पार्टी है, तब तक कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण समाप्त नहीं करने देंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल बाबा झूठ बोलेन की मशीन है। राहुल बाबा हमेशा एमएसपी की बात करते हैं, जब केंद्र और हरियाणा में, दोनो जगहों पर कांग्रेस की सरकार थी, तब हरियाणा के कितनी फसलों की खरीददारी एमएसपी पर हुई थी। उस समय सिर्फ गेंहू और चावल एमएसपी पर खरीदते थे। भाजपा की सरकार में आज 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदी जाएगी।** बाजरे की एमएसपी दो गुना बढ़ाई। सरसों की एमएसपी 3000 रुपये से 5,600 रुपए कर दी। राहुल बाबा! आपके समय से एमएसपी को दोगुना-ढाई गुना कर दी है। कांग्रेस राज की तुलना में भाजपा सरकार ने धान एवं गेंहूं की खरीददारी में ढाई गुना बढोत्तरी की है। गेहूं की एमएसपी को 1400 रुपये से बढ़ा कर भाजपा सरकार ने 2275 रुपये कर दी। पहले चने की एमएसपी 3100 रुपये थी और मोदी ससरकार ने 5400 रुपये कर दी।

श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत हर परिवार को हर साल 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज, ऑपरेशन, डायलेसिस आदि की सुविधा दी। हरियाणा में भाजपा सरकार बना दो, इस पांच लाख रुपए की राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए तक का इलाज फ्री कर देंगे। यदि घर में 70 वर्ष से ज्याद आयु के बुजुर्ग है, तो 10 लाख रूपए की जगह 15 लाख रुपए तक की इलाज फ्री की जाएगी। हम पीएम सूर्य घर योजना से 5 लाख घरों में मुफ्त बिजली पहुंचाएंगे। भाजपा

सरकार ने दस सालों में 24 घंटें बिजली 92 प्रतिशत गांवों में पहुंचायी। हमारी सरकार में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय 1.38 लाख रुपये से बढ़ कर 3.26 लाख रुपये हो गई। वृद्धा पेंशन और दिव्यांग पेंशन को हमारी सरकार ने 1,000 रुपये से बढ़ा कर 3,000 रुपये कर दिया। मुख्यमंत्री शगुन विवाह योजना की राशि 31 हजार रुपये को बढ़ा कर 71 हजार रुपये कर दिया गया। आँगनवाड़ी मानदेय को भी 7500 रुपये से बढ़ा कर हमारी सरकार ने 14 हजार रुपये कर दिया। आशा वर्कर को पहले 500 रुपये मिलते थे, भाजपा ने उसे बढ़ाकर 6,000 रुपये कर दिया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **वर्ष 2004-14 तक केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी, तब दस साल में यूपीए सरकार ने हरियाण को 41 हजार करोड़ रुपए दिए जबकि मोदी जी ने 2014-24 तक दस साल में हरियाणा को 2.92 हजार करोड़ रुपए दिए।**

श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने हुड्डा सिटी से पुराने गुरुग्राम साइबर सिटी तक सड़क का निर्माण कराया गया। गुरूग्राम में बिजली एवं पानी आर्पूति और स्वास्थ्य सेवा के लिए 940 करोड़ रुपए खर्च किए गए। 576 एकड़ भूमि को विकसित किया गया। 9 हजार करोड़ रुपए की लागत से 30 किलोमीटर लंबा पहला एलीवेटेड आठ लेन का द्वारिका एक्सप्रेस-वे बनाया। 20 हजार करोड़ रुपए की लागत से हरियाणा में उत्तर भारत का पहला परमाणु उर्जा सयंत्र गोरखपुर में स्थापित किया गया। भारत माला परियोजना के तहत 45 हजार करोड़ रुपए की लागत से एक हजार किलोमीटर रोड बनाया। 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से गुरूग्राम मेट्रो रेल परियोजना पूरी की। 1700 करोड़ रुपए की लागत से रेवाड़ी में एम्स बनाया। एम्स झज्जर में 700 बिस्तर वाला कैंसर अस्पताल बनाया। कुरुक्षेत्र में 240 करोड़ रुपए का अनुभव केंद्र बनाया। अमृत भारत योजना के तहत हरियाणा के 15 रेलवे स्टेशन को विकसित किया गया। हरियाणा में रेलवे नेटवर्क का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **विकास के मामले में कांग्रेस का योगदान शून्य है।** भाजपा ने 93 हजार किसानों को मेरा ब्यौरा-मेरी योजना में शामिल किया गया। 25 मंडियों में अटल किसान मजदूर कैंटीन शुरू की गयी। महेंद्रगढ़, रेवाड़ी माधोगढ़, नारनोल में पर्यटक सर्किट बनाया गया। महेंद्रगढ़ के विकास के लिए 30 करोड़ रुपये दिए गए। नारनौल में 5,800 करोड़ रुपये दिए गए। महेंद्रगढ़ में 866 करोड़ रूपये की लागत से लॉजिस्टिक पार्क बना रहे हैं। महेंद्रगढ़ में 15 खेल नर्सरी बनायी गयी है। भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा महेंद्रगढ़ में ग्रीन हाइडोजन हब बनाएगी। महेंद्रगढ़ में एक नया मेडिकल कॉलेज बनायेंगे। कौशल विकास के लिए विश्वकर्मा महाविद्यालय खोलेंगे। ओलम्पिक के लिए टैलेंट सर्च सेंटर बनाएंगे। 3,500 सीटों वाला एक अत्याधुनिक सभागार भी बनाएंगे। लगभग 5 लाख गरीबों को आवास देंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद गुरूग्राम में 700 बिस्तर वाला नया अस्पताल खोलेंगे। गुरुग्राम में 100 एकड़ भूमि पर फिनटेक हब बनायेंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। जीरो लैंड फीड और सीवरेज प्लांट भी लगाएंगे। गुरूग्राम में विश्वकर्मा महाविद्यालय खोला जाएगा। सिटी स्कैन, एमआरआई, डायग्नोसिस और डायलेसिस सरकारी अस्पतालों में मुफ्त करेंगे। भाजपा सरकार बादशाहपुर में खरगोदा की तर्ज पर एक औद्योगिक नगर बनाएगी। 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदी जाएगी। माताओं-बहनों को 500 रुपए में गैस सिलिंडर मिलेगा। कॉलेज जाने वाली छात्राओं को स्कूटी मिलेगा। 36 बिरादरियों के विकास के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग कल्याण बोर्ड बनाया जाएगा। ओबीसी के बच्चों को 25 लाख रुपए तक की लोन पर हरियाणा सरकार गारंटी देगी। भाजपा की सरकार अरावली में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सफारी बनाएगी।

श्री शाह ने कहा **कि राहुल बाबा एंड कंपनी हरियाणा का विकास नहीं कर सकती है।** केंद्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बन गयी और हरियाणा में कमल फूल की सरकार बना दो, डबल इंजन की सरकार हरियाणा के विकास को सुनिश्चित करेगी। भाजपा देश की सीमाओं को सुरक्षित करेगी और आरक्षण की रक्षा करेगी। धारा 370 को कभी वापिस आने नहीं देंगे। **वक्फ बोर्ड के कानून से बहुत परेशानी हो रही है, संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में वक्त बोर्ड के कानून में सुधार कर सही कर दिया जाएगा।**

****************************